प्रादेशिक समाचार
दिनांक–29.10.2025 (सुबह–0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2025–26 के लिए 37 हजार 952 करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी को दी मंजूरी, प्रधानमंत्री ने कहा– सरकार किसानों के कल्याण के लिए है प्रतिबद्ध।**

2. **जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में सीआईडी ने वित्त विभाग के अधिकारी को किया गिरफ्तार।**

3. **हजारीबाग पुलिस ने पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को किया गिरफ्तार, लेवी वसूली की साजिश नाकाम, पर्चे, मोबाइल और बाइक बरामद।**

4. **बंगाल की खाड़ी में बने मोंथा चक्रवात को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, राजधानी रांची समेत 11 जिलों में तेज हवाओं और भारी बारिश की जताई संभावना।**

और

5. **मोंथा चक्रवात को लेकर राज्य सरकार अलर्ट मोड पर, आपदा प्रबंधन मंत्री ने सभी जिलों को तैयारी के दिए निर्देश, किसानों से फसल और पशुधन को सुरक्षित रखने की अपील।**

और अब समाचार विस्तार से

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश भर के किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने रबी 2025–26 के लिए फास्फोरस और पोटाश उर्वरकों पर सब्सिडी को मंजूरी देकर बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को न केवल सस्ती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होंगे, बल्कि उनकी आय भी बढ़ेगी।

****

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2025–26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को स्वीकृति दे दी है। कल नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रबी 2025 के लिए लगभग 37 हजार नौ सौ 52 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। ये दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को सब्सिडी वाले, किफायती और उचित मूल्यों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को मंजूरी भी दे दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि आयोग अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगा। उन्होंने बताया कि आयोग में एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य और एक सदस्य–सचिव होंगे। पूल

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (जेएसएससी, सीजीएल) पेपर लीक मामले में सीआईडी ने वित्त विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी संतोष मस्ताना को गिरफ्तार किया है। सीआईडी के अनुसार आरोपी पर परीक्षा प्रश्नपत्र लीक करने और अभ्यर्थियों से पैसे वसूलने के रैकेट में शामिल होने के आरोप हैं। गौरतलब है कि इस मामले में अब तक कई पुलिसकर्मियों और गिरोह के सरगनाओं की गिरफ्तारी हो चुकी है।

****

हजारीबाग पुलिस ने कोयला कंपनियों से लेवी वसूली की धमकी देने वाले प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के दो सक्रिय सदस्यों प्रदीप कुमार गंझु और विनय कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर केरेडारी थाना क्षेत्र के पचड़ा जंगल में छापामारी कर दोनों को पकड़ा, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पीएलएफआई के पर्चे, तीन मोबाइल फोन, एक राउटर और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ शुरू हुआ बचत उत्सव देशभर के लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया हैं कि इससे रियल एस्टेट क्षेत्र में लोगों को बहुत राहत मिल रही हैं। एक रिपोर्ट–

****

साहिबगंज जिला नियोजनालय नौकरी के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को विभिन्न निजी संस्थानों में नौकरी के लिए विशेष ड्राइव चलाकर रोजगार से जोड़ने पर कार्य कर रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

बंगाल की खाड़ी में बन रहे मोंथा चक्रवात को लेकर मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के बीच राज्य के कई जिलों में 7 से 11 सेंटीमीटर तक भारी बारिश और 60 से 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने जानकारी दी कि राजधानी रांची समेत लोहरदगा, लातेहार, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिम सिंहभूम, गोड्डा, दुमका, साहिबगंज और पाकुड़ जिलों में आज भारी बारिश की संभावना है।

****

मोंथा चक्रवात को लेकर राज्य सरकार सतर्क हो गई है और आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सभी जिलों के उपायुक्तों को जरूरी तैयारी के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को संभावित प्रभावित इलाकों में तैनात करने और सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहने का आदेश दिया है।

****

रांची जिला प्रशासन ने चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के संभावित प्रभाव को देखते हुए किसानों से सतर्क रहने की अपील की है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे कटी फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें, सब्जियों को सहारा दें और पशुधन को ऊंचे स्थानों पर ले जाएं। फसल नुकसान की स्थिति में किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के टॉल फ्री नंबर 14447 या जिला कृषि पदाधिकारी से संपर्क कर दावा दर्ज करा सकते हैं।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित लगभग अधिकां"ा अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी मिलने की खबर को प्रमुखता से शामिल किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी 50 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ।

दैनिक जागरण ने **लिखा है**– जामताड़ा,धनबाद गिरिडीह और खूंटी में खुलेंगे नए मेडिकल कॉलेज।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–सुप्रीम कोर्ट निर्दे"ाः सेल की खदानों पर खनन गतिविधि पर रहेगा प्रतिबंध, सारंडा अभ्यारण्य में किसी को खनन की अनुमति नहीं।

****